प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

शोहदो के विरुद्ध एंटी रोमियो टीम द्वारा कार्यवाही में 04 शोहदे गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण एवम् महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु शोहदों एवम् मनचलों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इस क्रम में दिनांक 22.02.2021 को जनपद के विभिन्न थानों ने संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में 04 व्यक्तियों के विरुद्ध एंटी रोमियों टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कराया है। कार्यवाही किये गये अभियुक्त सार्वजनिक स्थलों पर मार्ग में आने जाने वाली बालिकाओं/महिलाओं के लिये फब्तियां कसते हुए अश्लील हरकते करते हुए गिरफ्तार किये गये। इसके अतिरिक्त जनपद में 35 से अधिक व्यक्तियों को एंटी रोमियों टीम द्वारा हिदायत भी दी गयी। उक्त कार्यवाही से बालिकाओं एवम् महिलाओं में सुरक्षा भावना बढ़ी है तथा शोहदों के विरुद्ध कड़ा संदेश प्रेषित हुआ है।

क्र0सं0	थाना	मु0अ0सं0	धारा	अभियुक्त का नाम/पता
1	रामपुर कलां	39/21	294 भादवि	विनय पुत्र बाबूराम निवासी शालामऊ थाना बिसवां जनपद सीतापुर
2	कमलापुर	68/21	294 भादवि	वतीम पुत्र गुलजारी निवासी कसमण्डा थाना कमलापुर सीतापुर
3	नैमिषारण्य	27/21	294 भादवि	विमलेश कुमार पुत्र सुरेश निवासी फूलपुर थाना नैमिषारण्य सीतापुर
4	सकरन	77/21	294 भादवि	पप्पू पुत्र कमलेश्वर निवासी चकईपुरवा थाना सकरन सीतापुर